आकाशवाणी केन्द्र शिमला

15.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने वैज्ञानिक अनुसंधान में पारंपरिक ज्ञान के महत्व पर शिमला में कल दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारम्भ किया। इस दौरान राज्यपाल ने युवा वैज्ञानिकों से पारम्परिक ज्ञान प्रणालियों को संरक्षित और एकीकृत करने के साथ–साथ आर्टिफिशियल इंटैलीजेंस का उपयोग करने का आग्रह किया। राज्यपाल ने नशीली दवाओं के दुरूपयोग के दुष्प्रभावों को लेकर भी चर्चा की। इस सम्मेलन में देश के लगभग डेढ़ सौ लोग भाग ले रहे हैं।

सम्मान

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री आज ऊना ज़िले में हरोली विधानसभा क्षेत्र के पालकवाह में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करेंगे। इस समारोह में उन एक सौ 50 मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की दसवीं और बारहवीं कक्षा की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। मेधावी विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

उपायुक्त

आकांक्षी जिला चंबा को विश्व के पर्यटन मानचित्र पर लाने के लिए जिला प्रशासन ने एक मुहिम छेड़ी है। जिला को पर्यटन की दृष्टि से विकसित कर यहां के लोगों को आर्थिकी रूप से सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रशासन की यह पहल है जिसमें जिला के मुख्य प्रवेश द्वार सहित बस अड्डों के सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू किया गया है। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि नवोदित कलाकारों के माध्यम से जिला के पर्यटन स्थलों की पेंटिंग बनाने का कार्य शुरू किया गया है। इन पेंटिंग में पर्यटन स्थलों के नाम सहित उनकी जानकारी मुहैया करवाई गई है जो जिला में आने वाले पर्यटकों के लिए काफी लाभदायक साबित होंगी।

दिवस

आज वरिष्ठ नागरिक दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस है। आज का यह दिन वरिष्ठ नागरिकों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार और उनकी उपेक्षा को रोकने के प्रति जागरूकता बढ़ाकर बेहतर समझ को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करता है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भी आज यह दिन मना रहा है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए टोल–फ्री एल्डर लाइन हेल्पलाइन नंबर – 1 4 5 6 7 जारी किया गया है।

पर्यटक सीजन

मैदानी राज्यों में पड़ रही भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए पर्यटक हिमाचल की तरफ पहुंच रहे हैं। शिमला में भी बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं जिससे सड़कों पर ट्रैफिक जाम की समस्या भी बढ़ गई है। शोघी बैरियर से बीते सात दिनों में ही दो लाख 25 हजार से ज्यादा गाड़ियों की आवाजाही हुई है, जिससे सड़कें जाम हो गई हैं। शिमला डीएसपी ट्रैफिक संदीप शर्मा ने बताया कि पुलिस प्रशासन ने ट्रैफिक की समस्या को कम करने के लिए दो अतिरिक्त ट्रैफिक टुकड़ियों को तैनात किया है, पुलिस प्रशासन ने लोगों से भी सहयोग करने की अपील की है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकाश भागों में आज हल्के बादल छाए हुए हैं। चंबा जिला में बीते कल सुनारा कुंडी मार्ग पर पहाड़ दरकने से यातायात अवरूद्ध हो गया है। पिछले कुछ दिनों से राज्य के मैदानी इलाकों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री से अधिक दर्ज किया जा रहा है। मौसम विभाग ने आज से प्रदेश के मैदानी इलाकों में लू का प्रकोप जारी रहने की संभावना जताई है, जबकि इस दौरान कुछ क्षेत्रों में तेज आंधी–तूफान के बीच ओलावृष्टि की चेतावनी भी दी गई है।

अब सुर्खियां समाचार पत्रों से...

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के ब्यान पर दैनिक जागरण की सुर्खी है–नहीं होगी पानी की कमी, बनेंगी नई परियोजनायें। हिमाचल दस्तक के शब्द हैं– मुख्यमंत्री स्वच्छ जल शोधन योजना पर खर्च होंगे 2 सौ करोड़।

दिव्य हिमाचल की एक खबर है–नीट यूजी में हिमाचल का आरव स्टेट टॉपर।

मौसम पर अमर उजाला का शीर्षक है– हिमाचल के 6 ज़िलों में आज से बारिश के आसार, गर्मी से मिलेगी राहत– प्रदेश के कई क्षेत्रों में 15 से 18 जून तक बारिश के आसार ।

———————